शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न -पत्र

कक्षा-बारहवीं (2026-27)

विषय-राजनीति विज्ञान (028)

निर्धारित समय : 3 घंटे | अधिकतम अंक: 80

सामान्य निर्देश:

1. यह प्रश्नपत्र पाँच खंडों – A, B, C, D और E – में विभाजित है। इसमें कुल 30 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. खंड A में प्रश्न संख्या 1 से 12 तक प्रश्न हैं। ये बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं, प्रत्येक प्रश्न 1अंक का है।
4. खंड B में प्रश्न संख्या 13 से 18 तक प्रश्न हैं। ये अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए।
5. खंड C में प्रश्न संख्या 19 से 23 दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100-120शब्दों में लिखिए।
6. खंड D में प्रश्न संख्या 24 से 26 तक प्रश्न हैं। ये गद्यांश, मानचित्र और चित्र/कार्टून आधारित प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। इनके उत्तर यथानुसार लिखिए।
7. खंड E में प्रश्न संख्या 27 से 30 तक प्रश्न हैं। ये दीर्घ उत्तरीय प्रकार-II प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 170-180 शब्दों में लिखिए। सभी 6 अंक वाले प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है।
8. चार अंक वाले दो प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं इनमे से किसी एक विकल्प का ही उत्तर लिखिए।

9. चित्र/ मानचित्र /कार्टूनआदि प्रश्नों के स्थान पर दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अत्तिरिक्त प्रश्न दिए गए हैं जिनके उत्तर केवल उनके ही द्वारा दिए जाने चाहिए।

**खंड A (12x1=12 अंक)**

प्रश्न 1. कौन-सी घटना साम्यवादी गुट के पतन और शीत युद्ध के अंत का प्रतीक बनी?
(a) सोवियत संघ का विघटन
(b) नवंबर 1989 में बर्लिन की दीवार का गिरना
(c) स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल (CIS) का गठन
(d) क्यूबा मिसाइल संकट

प्रश्न 2. देंग शियाओपिंग ने 1978 में चीन की अर्थव्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए कौन-सी खुला-द्वार नीति घोषित की थी?
(a) ग्रेट लीप फॉरवर्ड
(b) ओपन डोर पॉलिसी और चार आधुनिकीकरण
(c) सांस्कृतिक क्रांति
(d) शॉक थैरेपी
प्रश्न 3. निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए:
1. आसियान (ASEAN) का गठन
2. जर्मनी का एकीकरण
3. सोवियत संघ का विघटन
4. यूरोपीय संघ (EU) की स्थापना

विकल्प:
(a) 1, 2, 3, 4
(b) 1, 3, 2, 4
(c) 4, 3, 2, 1
(d) 2, 1, 4, 3
प्रश्न 4. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(a) 1980
(b) 1985
(c) 1991
(d) 1998
प्रश्न 5. संयुक्त राष्ट्र का कौन-सा प्रमुख अंग अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है?
(a) संयुक्त राष्ट्र महासभा
(b) अंतरराष्ट्रीय न्यायालय
(c) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद
(d) आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC)
प्रश्न 6. सुरक्षा का कौन-सा प्रकार व्यक्तियों को गरीबी, बीमारी और पर्यावरणीय क्षरण जैसे खतरों से बचाने पर केंद्रित होता है?
(a) पारंपरिक सुरक्षा
(b) मानव सुरक्षा / गैर-पारंपरिक सुरक्षा
(c) राज्य सुरक्षा
(d) सैन्य सुरक्षा

प्रश्न 7. 1992 का पृथ्वी शिखर सम्मेलन (संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण और विकास सम्मेलन) किस नगर में आयोजित हुआ था?
(a) क्योटो, जापान
(b) रियो डी जेनेरियो, ब्राज़ील
(c) स्टॉकहोम, स्वीडन
(d) मॉन्ट्रियल, कनाडा
प्रश्न 8. वैश्वीकरण (Globalization) ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार किसका प्रवाह सुनिश्चित किया है?
(a) विचार और पूंजी
(b) वस्तुएँ
(c) लोग
(d) उपरोक्त सभी
प्रश्न 9. कथन (A): भारत की स्वतंत्रता के बाद रियासतों का एकीकरण एक बड़ी चुनौती थी।
कारण (R): सरदार वल्लभभाई पटेल ने रियासतों के शासकों से कूटनीति और दृढ़ता के साथ बातचीत कर निर्णायक भूमिका निभाई।
विकल्प:
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।
प्रश्न 10. भारतीय संविधान की प्रारूप समिति (Drafting Committee) के अध्यक्ष कौन थे?
(a) जवाहरलाल नेहरू
(b) डॉ. भीमराव अंबेडकर
(c) सरदार वल्लभभाई पटेल
(d) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
प्रश्न 11. भारत के पहले  तीन आम चुनावों (1952, 1957 और 1962) में किस राजनीतिक दल का प्रभुत्व रहा?
(a) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI)
(b) भारतीय जनसंघ
(c) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
(d) समाजवादी पार्टी
प्रश्न 12. "सामान्य लेकिन विभेदित उत्तरदायित्व" (CBDR) की अवधारणा औपचारिक रूप से किस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनाई गई थी?
(a) क्योटो प्रोटोकॉल
(b) रियो शिखर सम्मेलन (1992)

(c) पेरिस जलवायु समझौता
(d) विश्व सामाजिक मंच

## खंड-B (6x2=12 अंक)

प्रश्न 13. 'शॉक थैरेपी' क्या थी? इसके किसी एक प्रमुख परिणाम का उल्लेख कीजिए।
प्रश्न 14. आसियान (ASEAN) को एक प्रभावी क्षेत्रीय संगठन बनाने वाले किन्हीं दो मुख्य कारकों को उजागर कीजिए।
प्रश्न 15. पारंपरिक और गैर-पारंपरिक सुरक्षा की अवधारणाओं में अंतर स्पष्ट कीजिए, प्रत्येक का एक उदाहरण दीजिए।
प्रश्न 16. भारत में 'एक-दलीय प्रभुत्व' (One-Party Dominance) युग की कोई दो मुख्य विशेषताएँ लिखिए।
प्रश्न 17. स्वतंत्रता के तुरंत बाद राष्ट्र-निर्माण के संबंध में भारत को किन दो मुख्य चुनौतियों का सामना करना पड़ा?
प्रश्न 18. 'वैश्विक साझा संसाधन' (Global Commons) की परिभाषा दीजिए और इसके कोई दो उदाहरण लिखिए।

## खंड C (5x4=20 अंक)

प्रश्न 19. सोवियत संघ (USSR) के विघटन के मुख्य राजनीतिक और आर्थिक कारणों की व्याख्या कीजिए।
प्रश्न 20. 1978 के बाद से चीन के एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में तीव्र उदय के कारणों का विश्लेषण कीजिए।
प्रश्न 21. "पाकिस्तान में लोकतंत्र अस्थिर रहा है क्योंकि वहाँ कई बार सैन्य हस्तक्षेप हुआ है।" इस अस्थिरता के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारकों को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

भारत और बांग्लादेश के बीच विवाद के किन्हीं चार क्षेत्रों का विवरण दीजिए।
प्रश्न 22. पारंपरिक सुरक्षा नीति के चार घटकों को स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

निरस्त्रीकरण क्या है? विश्व में निरस्त्रीकरण के लिए प्रभावी कोई दो सुझाव दीजिए।
प्रश्न 23. पहली पंचवर्षीय योजना और दूसरी पंचवर्षीय योजना के बीच मुख्य अंतर क्या थे?

## खंड D (12 अंक)

प्रश्न 24.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:
*"संयुक्त राष्ट्र (UN) का गठन 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद राष्ट्र संघ (League of Nations) के उत्तराधिकारी के रूप में किया गया। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को रोकना और राज्यों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना था। 2011 में संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य राष्ट्र थे। संयुक्त राष्ट्र महासभा में सभी सदस्यों के पास एक-एक मत होता है। सुरक्षा परिषद में पाँच स्थायी सदस्य और दस अस्थायी सदस्य होते हैं।"*
(4 अंक)

1. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के पाँच स्थायी सदस्य (P-5) के नाम लिखिए। (1 अंक)
2. सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यों के पास कौन-सी विशेष शक्ति होती है? इसके महत्व की व्याख्या कीजिए। (1 अंक)
3. संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के किन्हीं दो प्रमुख उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए। (2 अंक)

प्रश्न 25. नीचे दिए गए कार्टून/ग्राफ़िक चित्रण का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (4 अंक)




1. ऊपर दर्शाए गए कार्टून की मुख्य विषय वस्तु क्या है? (1 अंक)
2. आज के सन्दर्भ में माता की क्या चिंता है ? (1 अंक)
3. वैश्वीकरण किस प्रकार विश्व की अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहा है? (2 अंक)

दृष्टिबाधित हेतु : निन्लिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर हैं :

1, वैश्वीकरण का क्या अर्थ है?
2. वैश्वीकरण के कोई दो सकारात्मक प्रभाव लिखिए।
3. वैश्वीकरण के कोई दो नकारात्मक प्रभाव लिखिए।
4. वैश्वीकरण की आवश्यकता क्यों है?

प्रश्न 26. भारत के दिए गए राजनीतिक मानचित्र में चार राज्यों को (A), (B), (C) और (D) के रूप में दर्शाया गया है। इन राज्यों की पहचान कीजिए और नीचे दिए गए प्रारूप में उनके नाम, संबंधित वर्णमाला और जानकारी का क्रमांक लिखिए:

1+1+1+1=4

| क्रमांक | संबंधित वर्णमाला | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| I | | |
| II | | |
| III | | |
| IV | | |

(a) हरित क्रांति (Green Revolution) से जुड़ा राज्य
(b)"हिंदी विरोधी आंदोलन" (Anti-Hindi Agitation) के बाद बना राज्य
(c) निज़ाम द्वारा शासित रियासत
(d) वह राज्य जहाँ 1957 में कम्युनिस्ट पार्टी ने सरकार बनाई




**खंड E (6x4=24 अंक)**

प्रश्न 27.(A) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के सुधार का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। सुरक्षा परिषद के पुनर्गठन की माँग क्यों प्रबल है, और भारत के स्थायी सदस्यता दावे के समर्थन में कौन-से तर्क दिए जाते हैं?

अथवा

(B) गैर-सरकारी संगठनों (NGOs) और संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट एजेंसियों (जैसे UNICEF, UNESCO और WHO) की वैश्विक सामाजिक कल्याण और मानव विकास को बढ़ावा देने में भूमिका का परीक्षण कीजिए।

प्रश्न 28.(A) स्वतंत्रता के बाद भारत और पाकिस्तान के राजनीतिक विकास और लोकतांत्रिक अनुभवों की तुलना कीजिए। भारत में लोकतंत्र गहरी जड़ें क्यों जमा सका जबकि पाकिस्तान में बार-बार विफलताओं का सामना करना पड़ा?

अथवा

(B) दक्षिण एशियाई राष्ट्रों में शांति, व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने में सार्क (SAARC) और साफ्टा (SAFTA) की भूमिका और महत्व को स्पष्ट कीजिए। दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय सहयोग में बाधा डालने वाली मुख्य रुकावटों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 29.(A) पर्यावरण के संरक्षण के लिए विश्व समुदाय द्वारा किए गए किन्हीं चार प्रयासों का वर्णन कीजिए।

अथवा

(B) 'संसाधनों की भू-राजनीति' (Resource Geopolitics) की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। आज विश्व के सामने पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों से जुड़ी मुख्य चिंताओं पर प्रकाश डालिए, विशेषकर जल संघर्ष और ऊर्जा संसाधनों पर।

प्रश्न 30.(A) भारतीय रियासतों के एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। राज्यों के पुनर्गठन आयोग (SRC) ने भाषाई राज्यों की माँग को किस प्रकार संबोधित किया और उसकी प्रमुख सिफारिशें क्या थीं?

अथवा

(B) भारत के पहले तीन आम चुनावों में कांग्रेस के प्रभुत्व की प्रकृति का विश्लेषण कीजिए। यह प्रभुत्व क्यूबा, चीन या मैक्सिको जैसे अधिनायकवादी राज्यों में एक-दलीय प्रभुत्व से किस प्रकार भिन्न था?